**1.** एक अर्थव्यवस्था की मुख्य: आधारभूत समस्या कौन–सी है?

(1) आर्थिक कल्याण

(2) विनिमय

(3) दुर्लभ साधन और असीमित आवश्यकताएँ

(4) सरकार द्वारा निर्णय लेना

**2.** **अभिकथन (A) :** उत्पादन सम्भावना वक्र रेखाकृति में उन उत्पादन के संभावित विकल्प को प्रदर्शित करता है जिन्हें अर्थव्यवस्था सामना करती है।

**तर्क (R) :** अर्थव्यवस्था में कुल उत्पादन के साधन सीमित हैं, अत: अर्थव्यवस्था में वैकल्पिक उपयोग साधनों से विभिन्न उत्पादन संयोग द्वारा वैकल्पिक वस्तुओं का उत्पादन होता है।

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

**3.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन अवसर लागत के लिए उपयुक्त है?

(1) अवसर लागत किसी वस्तु के विकल्प का त्याग है।

(2) अवसर लागत से अभिप्राय उद्यमी द्वारा दी गई नकद भुगतान से है।

(3) अवसर लागत का सम्बन्ध स्थिर लागत से है।

(4) अवसर लागत का परिवर्तनशील लागत से कोई सम्बन्ध नहीं है।

**4.** माँग की कीमत लोच माँग वक्र के लिए एक के बराबर होती है, जब माँग वक्र –

(1) क्षितिज रेखा है।

(2) ऊपर की ओर ढ़लान ली हुई।

(3) अनुलंब रेखा है।

(4) आयताकार अतिपरवलय है।

**5.** गिफिन वस्तुओं के सन्दर्भ में, माँग वक्र कैसी होगी?

(1) ऊपर की तरफ दाऐं ओर झुकी हुई

(2) दायीं ओर नीचे झुकता हुआ

(3) क्षितिज रेखा

(4) विपरीत दिशा में बाऐं ओर गिरता हुआ

6. कीमत के स्थिर रहने पर उपभोक्ता की आय में वृद्धि के क्या परिणाम होंगे?

(1) माँग में वृद्धि

(2) माँग में विस्तार

(3) माँग में कोई परिवर्तन नहीं

(4) माँग वक्र को बाऐं ओर खिसकाता है

7. उपभोक्ता सन्तुलन कब होता है?

(1) $\frac{MU_x}{MU_y} < \frac{P_x}{P_y}$

(2) $\frac{MU_x}{MU_y} > \frac{P_x}{P_y}$

(3) $\frac{MU_x}{MU_y} = \frac{P_x}{P_y}$

(4) $\frac{MU_{xy}}{MU_y} = \frac{P_y}{P_x}$

8. निम्नलिखित में से कौनसा कथन **गलत** है?

(1) यदि दो माँग वक्र रेखीय और एक दूसरे के समानांतर हैं, तब एक विशेष कीमत पर गुणांक की लोच विभिन्न माँग वक्र पर एकसमान होगी।

(2) माँग वक्र रेखा पर लोच की पाँचों धारणाओं को दर्शाया जा सकता है।

(3) यदि दो माँग वक्र रेखीय हैं और एक दूसरे को एक बिन्दु पर काटती हैं, तब गुणांक की लोच विभिन्न माँग वक्र, काटते हुए बिन्दु, पर एक जैसी होगी।

(4) माँग की कीमत–लोच किसी वस्तु की सापेक्ष, न की निरपेक्ष, कीमत और माँग मात्रा के परिवर्तन को दर्शाती है।

9. यदि वस्तु की माँग बेलोचदार है, कीमत में वृद्धि से उपभोक्ता के उस वस्तु पर कुल व्यय क्या होगा?

(1) बढ़ेगा

(2) घटेगा

(3) समान रहेगा

(4) शून्य हो जायेगा

**10.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही** है?

(A) उदासीनता वक्र बायें से दायें नीचे की ओर गिरता है।

(B) उदासीनता वक्र दायें से बायें नीचे की ओर गिरता है।

(C) उदासीनता वक्र सदैव मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर है।

(D) उदासीनता वक्र एक दूसरे को कभी नहीं काटते।

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (A), (B) और (C) सही है।

(2) (B), (C) और (D) सही है।

(3) (A), (C) और (D) सही है।

(4) (A) और (D) सही है।

**11.** **असत्य** कथन को पहचानिए :

(1) भूमि में प्रकृति के सभी नि:शुल्क उपहार शामिल है।

(2) भूमि की पूर्ति स्थिर है।

(3) श्रम के लिए श्रमिक को प्राप्त होने वाली कीमत मजदूरी है।

(4) श्रमिक उत्पादन का निष्क्रिय साधन है।

**12.** औसत उत्पादन कब अधिकतम होता है?

(1) सीमान्त उत्पादन जब औसत उत्पादन से कम होता है।

(2) सीमान्त उत्पादन जब औसत उत्पादन से अधिक होता है।

(3) सीमान्त उत्पादन जब औसत उत्पादन के बराबर होता है।

(4) सीमान्त उत्पादन जब ऋणात्मक होता है।

**13.** परिवर्तनशील अनुपातों का नियम अतिरिक्त उत्पादन की मात्रा को कब दर्शाता है?

(1) परिवर्तनशील साधन की मात्रा की वृद्धि की जाये परन्तु दूसरे साधन स्थिर है।

(2) परिवर्तनशील साधन और स्थिर साधन की मात्रा की वृद्धि की जाती है।

(3) स्थिर साधन की मात्रा की वृद्धि की जाये लेकिन परिवर्तनशील साधन की मात्रा को स्थिर रखा जाता है।

(4) संयंत्र के पैमाने को बदलने पर।

**14.** पैमाने के प्रतिफल के संदर्भ में उत्पादन परिवर्तन क्या दर्शाता है?

(1) उत्पत्ति के समस्त साधनों को एक ही अनुपात में बढ़ाया जाये।

(2) कुछ साधनों में परिवर्तन किया जाये जबकि अन्य साधनों को स्थिर रखा जाये।

(3) जब साधनों के अनुपात में परिवर्तन हो।

(4) स्थिर साधन की मात्रा समान रखी जाये परन्तु परिवर्तनशील साधन की मात्रा की वृद्धि की जाये।

**15.** वस्तु की कीमत में परिवर्तन आने पर उसकी पूर्ति में कोई परिवर्तन न आने पर पूर्ति लोच क्या होगी?

(1) पूर्णतया लोचदार
(2) पूर्णतया बेलोचदार
(3) इकाई लोचदार
(4) दोनों (1) और (2)

**16.** निम्नलिखित में से क्या पूर्ति की लोच का निर्धारण नहीं करता?

(1) वस्तु के उत्पादन में अतिरिक्त इकाई की लागत।
(2) वस्तु की प्रकृति।
(3) समय अवधि।
(4) उपभोक्ता की व्यय योग्य आय।

**17.** अग्रगामी और पश्चगामी संयोजनों का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया?

(1) गुन्नर मिर्डाल
(2) हर्षमैन
(3) बोईके
(4) लैबनस्टीन

**18.** स्वर्णिम युग परिकल्पना किसके साथ सरोकार रखता है?

(1) विकास की प्राकृतिक दर > अभीष्ट विकास दर
(2) विकास की वास्तविक दर > अभीष्ट विकास दर
(3) अभीष्ट विकास दर > विकास की प्राकृतिक दर
(4) अभीष्ट विकास दर = विकास की प्राकृतिक दर

**19.** मिल्टन फ्राइडमैन के सिद्धान्त के अनुसार उपभोक्ता खर्च का स्थायी घटक किस पर आधारित होता है?

(A) केवल अस्थायी आय
(B) अस्थायी एवं स्थायी आय
(C) केवल स्थायी आय
(D) अप्रत्याशित लाभ

**सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (A) और (B) सही हैं।
(2) (A) और (C) सही हैं।
(3) (B) और (D) सही हैं।
(4) केवल (C) सही है।

**20.** धारणीय विकास की सर्वाधिक लोकप्रिय परिभाषा किसने दी है?

(1) आई.एम.एफ. रिपोर्ट (अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष रिपोर्ट)

(2) यू.एन.डी.पी. रिपोर्ट

(3) विश्व विकास रिपोर्ट

(4) ब्रंड्टलैंड

**21.** उत्पादन और उपभोग में पेरेटो इष्टतमता का बिन्दु पथ किसके द्वारा दर्शाया जाता है?

(1) समाज कल्याण फलन

(2) उपयोगिता सम्भावना वक्र

(3) महा–उपयोगिता सम्भावना वक्र

(4) रूपान्तर वक्र

**22.** **अभिकथन (A) :** सार्वजनिक वस्तुओं की पूर्ति के लिए अधिकतम लाभ उत्पादक के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं है।

**तर्क (R) :** यदि उत्पादक सार्वजनिक वस्तुओं का उत्पादन करता है, तो वह लोगों को इसका उपभोग करने से बाहर करने में असमर्थ होता है, अत: वह कीमत नहीं वसूल सकता।

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(2) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण है।

**23.** केन्ज़ के अनुसार समग्र आपूर्ति वक्र अवसाद के दौरान –

(1) ऊपर की ओर दाईं ओर झुकता है

(2) क्षैतिज रेखा है

(3) अनुलम्ब रेखा

(4) नीचे की ओर दाईं ओर झुकता है

**24.** उत्पाद–विभेदीकरण निम्नलिखित में से किस बाजार अवस्था के लिए उचित है?

(1) एकाधिकार, एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता और अल्पाधिकार

(2) पूर्ण प्रतियोगिता, एकाधिकार और द्विपक्षीय एकाधिकार

(3) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता, अल्पाधिकार और क्रेता–अल्पाधिकार

(4) पूर्ण प्रतियोगिता, एकाधिकार और अल्पाधिकार

25. व्यापारी विनिमय दर के उतार–चढ़ाव से नुकसान की जोखिम को निम्नलिखित में से कैसे कम करता है?
    (1) अंतरपनन
    (2) हैजिंग
    (3) सट्टाबाजी
    (4) सट्टेबाजी और हैजिंग दोनों

26. निम्नलिखित में से योजना के मजदूरी माल मॉडल को (योजना का वेज गुड्स मॉडल) किसने विकसित किया?
    (1) आर. नरकसे
    (2) पी.सी. महलानोबीस
    (3) सी.एन. वकील और पी.आर. ब्रह्मानन्द
    (4) ए.के. सैन

27. काब–डगलस उत्पादन फलन में $Q = AL^{\alpha}K^{\beta}$, यदि $\alpha + \beta > 1$ तब निम्नलिखित में से श्रमिक का हिस्सा होगा –
    (1) $\alpha$
    (2) $\frac{\beta}{\alpha + \beta}$
    (3) $\frac{\alpha}{\alpha + \beta}$
    (4) $\frac{\alpha . \beta}{\alpha + \beta}$

28. वास्तविक जी.डी.पी. और उसके प्रवृत्ति मूल्य के बीच अन्तराल तथा वास्तविक बेरोजगारी दर और उसके सन्तुलन मूल्य के बीच जो अन्तर है, उन दोनों के बीच ऋणात्मक सम्बन्ध क्या कहलाता है?
    (1) फिलिप्स वक्र
    (2) ओकन का नियम
    (3) समग्र पूर्ति वक्र
    (4) बेरोजगारी की प्राकृतिक दर की प्राक्कल्पना

29. यह धारणा कि आर्थिक विकास का लाभ जनसंख्या के सभी वर्गों को पहुँचेगा क्या कहलाती है?
    (1) टेक ऑफ प्रभाव
    (2) प्रति प्रभाव (बैकलैश प्रभाव)
    (3) ट्रिकल डाऊन प्रभाव
    (4) ट्रिकल अप प्रभाव

**30.** यह प्राय: सत्य होता है कि जब अर्थव्यवस्था मन्दी से बाहर निकलने लगती है, तो बेरोजगारी की दर बढ़ती है, क्योंकि –

(1) जब अर्थव्यवस्था मन्दी से शुरू में बाहर निकलती है तो फर्में तुरन्त ही श्रमिकों की संख्या में वृद्धि नहीं करती। फर्में ज़्यादा व्यक्तियों को भाड़े पर काम में लगाने के लिए तब तक प्रतिक्षा करती है जब तक उन्हें अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ होने का विश्वास नहीं हो जाता।

(2) अर्थव्यवस्था, डेटा एकत्रित करने के तरीके में त्रुटियों के कारण, मन्दी से बाहर निकलने लगती है।

(3) जब अर्थव्यवस्था मन्दी से बाहर निकलने लगती है, तो श्रमिक जो काम पाने के अपने अवसरों के बारे में निराश हो गए थे, अब फिर से काम के लिए प्रयास करने लगते है।

(4) जब अर्थव्यवस्था मन्दी से प्रारम्भ में बाहर निकल आती है, तो वस्तुओं एवं सेवाओं की माँग कम हो जाती है, इसलिए श्रमिकों की माँग कम हो जाती है।

**31.** ऐसे अर्थशास्त्री जोड़े का चयन करें जिसने सर्वप्रथम कर के और सार्वजनिक व्यय के नियम दिए –

(1) ए.सी. पीगू और डैविड रिकार्डो

(2) ए.आर. प्रेस्ट और यूरसूला के हिक्स

(3) एडम स्मिथ और फिनडले शिरास

(4) आर.एन. भार्गव और आर.ए. मसग्रेव

**32.** निम्नलिखित में से कौनसा सूचकांक समय उत्क्राम्यता परीक्षण को तो सन्तुष्ट करता है परन्तु तत्त्व उत्क्राम्यता परीक्षण को सन्तुष्ट नहीं करता ?

(1) लास्पेयर सूचकांक

(2) पाशे सूचकांक

(3) मार्शल एजवर्थ सूचकांक

(4) फिशर सूचकांक

**33.** निम्नलिखित में कौनसा स्थिति सम्बन्धी माध्य है ?

(1) समान्तर माध्य

(2) गुणोत्तर माध्य

(3) हरात्मक माध्य

(4) माध्यिका

**34.** एक कक्षा में 100 विद्यार्थी हैं जिनका जेब खर्च का समान्तर माध्य 35 रूपए प्रति विद्यार्थी है। यदि लड़कियों का समान्तर माध्य 25 रूपए है और लड़कों का 50 रूपए है, तो बताऐं कि कक्षा में लड़कियों की संख्या कितनी है ?

(1) 60

(2) 20

(3) 40

(4) 80

35. कौनसा अपकिरण का माप सभी अवलोकन आँकड़ों पर आधारित है?
    (1) 10-90 शततमक विस्तार
    (2) प्रमाप विचलन
    (3) अन्तर चतुर्थक विस्तार
    (4) विस्तार

36. **अभिकथन (A) :** जनगणना पद्धति के तहत, जनसंख्या या ब्रह्मांड (पापूलेशन) की प्रत्येक इकाई के लिए आंकड़े एकत्रित किये जाते हैं जो कि पूरा सेट है जो किसी विशेष स्थिति में रुचि रखते हैं।
    **तर्क (R) :** प्रतिदर्श तकनीक में जनसंख्या के ब्रह्मांड (पापूलेशन) के केवल एक हिस्से का अध्ययन किया जाता है और उस आधार पर पूरे ब्रह्मांड (पापूलेशन) के लिए निष्कर्ष निकाले जाते हैं।
    **सही** उत्तर का चयन करें :
    (1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण है।
    (2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण नहीं है।
    (3) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।
    (4) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

37. निम्नांकित में से किसके मूल्यांकन के लिए लारेंज वक्र का उपयोग किया जा सकता है?
    (1) बाजारों की आवंटन एवं तकनीकी क्षमता
    (2) आय वितरण में समता की डिग्री
    (3) विश्व भर में बाजार कीमतों और मात्राओं का सन्तुलन
    (4) कारोबारी के साथियों का तुलनात्मक लाभ और व्यापार की शर्तें

38. लैफ्फर वक्र किसका मापन करती है?
    (1) कुल आय और कुल व्यय
    (2) समग्र कर एवं समग्र अ-कर राजस्व
    (3) कुल कर भार और कुल भुगतान भार
    (4) कर की दर और कर राजस्व के बीच सम्बन्ध

39. **अभिकथन (A) :** देश के समाज के कमजोर वर्ग की सहायता हेतु वित्तीय समावेश अपेक्षित है।
    **तर्क (R) :** आम आदमी तक विकास के लाभों को पहुँचाने के लिए निवेश क्रियाओं को बढ़ाने की आवश्यकता है।
    **सही** उत्तर का चयन करें :
    (1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण नहीं है।
    (2) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।
    (3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण है।
    (4) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

**40.** एक फर्म द्वारा श्रम को भाड़े में रखने की लागत क्या कहलाती है?

(1) सुस्पष्ट लागत

(2) सीमान्त लागत

(3) अंतर्निहित लागत

(4) कुल लागत

**41.** विदेशी व्यापार गुणक का मूल्य उच्च होगा, जब –

(1) बचत की सीमान्त प्रवृत्ति उच्च है

(2) घरेलू वस्तुओं के उपयोग की सीमान्त प्रवृत्ति उच्च है

(3) आयात की सीमान्त प्रवृत्ति उच्च है

(4) निर्यातों में वृद्धि होती है

**42.** **सूची-I** को **सूची-II** से मिलाइए।

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (A) | हैमिल्टन और एफ. लिस्ट | (I) | व्यापार सृजन और व्यापार विचलन प्रभाव |
| (B) | मार्शल-लर्नर | (II) | शिशु उद्योग तर्क |
| (C) | हैबरलर | (III) | लोच दृष्टिकोण |
| (D) | जैकब वाईनर | (IV) | अवसर लागत सिद्धान्त |

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(IV), (D)-(I)

(2) (A)-(III), (B)-(II), (C)-(I), (D)-(IV)

(3) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(II), (D)-(I)

(4) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(III), (D)-(IV)

**43.** **अभिकथन (A) :** यदि अवमूल्यन सफल होना है तो मार्शल-लर्नर शर्त पूरी होनी चाहिए।

**तर्क (R) :** अवमूल्यन निर्यात को महंगा बनाता है और आयात को सस्ता करता है।

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**44.** निम्नलिखित में से विश्व बैंक का उद्देश्य कौनसा नहीं है?

(1) उत्पादक उद्देश्य के लिए पूंजी उपलब्ध कराकर पुनर्निर्माण और विकास में सहायता करना।

(2) गारंटी के माध्यम से निजी विदेशी निवेश को बढ़ावा देना।

(3) स्थिर विनिमय दर बनाए रखने के लिए।

(4) निजी निवेश के पूरक के लिए ऋण प्रबन्ध करने में भाग लेना।

45. मुद्रास्फीति की दर में वृद्धि की आशंका से क्या होगा ?

(1) अल्पकालिन फिलिप्स वक्र ऊपर की ओर दाईं ओर खिसकेगी।

(2) मुद्रास्फीति की वास्तविक दर में वृद्धि होगी।

(3) दीर्घकाल में बेरोजगारी की दर कम रहेगी।

(4) मुद्रास्फीति की दर को धीमा (धीरे) करेगा जबकि अन्य चीजे स्थिर रहती हैं।

46. निम्नलिखित में से कौनसे कार्य डब्ल्यू.टी.ओ. करता है ?

(A) व्यापार समझौते के कार्यान्वयन, प्रशासन और संचालन की सुविधा के लिए।

(B) अपने सदस्य देश की व्यापार नीतियों की समय-समय पर समीक्षा करना।

(C) भुगतान की एक बहुपक्षीय प्रणाली की स्थापना में सहायता करना।

(D) अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए।

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (A) और (D)

(2) (B) और (C)

(3) (C) और (D)

(4) (A) और (B)

47. डब्ल्यू.टी.ओ. (विश्व व्यापार संगठन) की पहली महिला और पहली अफ्रीकी महानिदेशक कौन बनी है (वर्ष 2021 में) ?

(1) यू मायुंग-ही

(2) अमीना मोहम्मद

(3) न्गोज़ी ओकोंजो-इवेला

(4) कामेने ओकोंजो

48. निम्नलिखित में से कौन सा साधन निजीकरण की प्रक्रिया का सही वर्णन करता है ?

(1) निजीकरण प्रक्रिया में एक कंपनी को एक गैर-लाभकारी संगठन में स्थानांतरित करना शामिल है।

(2) निजीकरण प्रक्रिया में अन्य कंपनियों को आउटसोर्सिंग सेवाएँ शामिल है।

(3) निजीकरण प्रक्रिया में सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ इकाइयों को निजी क्षेत्र को बेचना शामिल है।

(4) निजीकरण प्रक्रिया में कर दरों में कमी शामिल है।

49. निम्नलिखित में से कौनसा ब्रेटन वुड्स सिस्टम के पतन के लिए जिम्मेदार नहीं है ?

(1) तरलता की समस्या

(2) मास्ट्रिच संधि

(3) कुछ यूरोपीय बैंकों द्वारा अपनी होल्डिंग के एक हिस्से को सोने में बदलने का प्रयास

(4) संयुक्त राज्य अमेरिका (यू.एस.ए.) से तरल पूँजी की विशाल उड़ान

**50.** निम्नलिखित में से कौनसा अमीर की तुलना में गरीब पर अधिक बोझ डालता है?

(1) मुश्त कर

(2) अनुपातिक कर

(3) प्रतिगामी कर

(4) प्रगतिशील कर

**51.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन साधारणतया राष्ट्रीय आय को दर्शाता है?

(1) विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन साधन लागत पर

(2) बाजार कीमतों पर कुल राष्ट्रीय उत्पादन

(3) साधन लागत पर कुल राष्ट्रीय उत्पादन

(4) बाजार कीमतों पर विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन

**52.** केन्ज़ के अनुसार ब्याज :

(1) उपभोक्ता की प्राथमिकताएँ के लिए भुगतान है।

(2) तरलता वरीयता के लिए किया जाने वाला भुगतान है।

(3) पूँजी का उपयोग के लिए भुगतान है।

(4) टीकाऊ वस्तुओं का उपयोग के लिए भुगतान है।

**53.** मजदूरी का लौह नियम किससे संबंधित है?

(1) सामूहिक सौदेबाजी

(2) मजदूरी का सीमान्त उत्पादकता सिद्धान्त

(3) मजदूरी का मजदूरी फंड सिद्धान्त

(4) निर्वाह मजदूरी सिद्धान्त

**54.** निम्नलिखित में से कौनसा क्लार्क के वितरण के सीमांत उत्पादकता सिद्धान्त की धारणा में शामिल नहीं है?

(1) श्रम विषम है

(2) पूर्ण प्रतियोगिता

(3) पूंजी की स्थिर राशि

(4) स्थिर जनसंख्या

**55.** उदासीनता वक्र तकनीक की सहायता से उपभोक्ता के अधिशेष को किसने मापा?

(1) एजवर्थ (Edgeworth)

(2) अल्फ्रेड मार्शल

(3) जे.आर. हिक्स

(4) पैरिटो

56. निम्नलिखित में से कौनसा प्रतिस्थापन की लोच का सही सूत्र है ?

(1) $$\frac{d\left(\frac{K}{L}\right)\Big/\left(\frac{K}{L}\right)}{d\,(MRS)/(MRS)}$$

(2) $$\frac{d\,(MRS)\Big/\frac{K}{L}}{d\left(\frac{K}{L}\right)\Big/(MRS)}$$

(3) $$\frac{d\left(\frac{K}{L}\right)\Big/d\,(MRS)}{d\,(MRS)\Big/\left(\frac{K}{L}\right)}$$

(4) $$\frac{d\,(MRS)\Big/d\left(\frac{K}{L}\right)}{\left(\frac{K}{L}\right)\Big/(MRS)}$$

57. **अभिकथन (A) :** वैश्वीकरण को राष्ट्रवादी और स्थानीय दृष्टिकोण के उद्घाटन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो एक परस्पर और अन्योन्याश्रित दुनिया के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देश की सीमा के पार माल, पूँजी और सेवाओं का मुफ्त हस्तांतरण करता है।

**तर्क (R) :** वैश्वीकरण देशों की तेजी से विभाजन की प्रक्रिया है जिसके लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

58. निम्नलिखित में से कौनसा ऐसा कारण जिसकी वजह से आर्थिक सुधार देश में वर्ष 1991 में नहीं किया गया ?

(1) भारत उच्च राजकोषीय घाटे का सामना कर रहा था।

(2) भारत में भुगतान सन्तुलन की स्थिति प्रतिकूल थी।

(3) कई आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि।

(4) सेंसेक्स में अचानक गिरावट।

**59.** वित्तीय क्षेत्र के सुधारों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(A) वित्तीय क्षेत्र में मुख्य रूप से बैंकिंग क्षेत्र से सम्बन्धित सुधार।

(B) वित्तीय क्षेत्र में मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा बाजारों से सम्बन्धित सुधार।

(C) वित्तीय क्षेत्र में मुख्य रूप से शहरीकरण से सम्बन्धित सुधार।

(D) वित्तीय क्षेत्र में मुख्य रूप से कृषि से सम्बन्धित सुधार।

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (A) और (B) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (C) दोनों सही हैं।

(3) (A) और (D) दोनों सही हैं।

(4) (B) और (D) दोनों सही हैं।

**60.** भारत की व्यक्तिगत कंपनी द्वारा विदेशी शेयरधारकों को दिया गया लाभांश भुगतान सन्तुलन में क्या होता है?

(1) पूँजी खाते में एक विकलन

(2) पूँजी खाते में एक जमा

(3) आधिकारिक आरक्षित्त खातें में जमा

(4) चालू खाते में एक विकलन

**61.** स्टोलपर सैमुएलसन सिद्धान्त की मान्यता है कि राष्ट्र द्वारा टैरिफ लगाने से राष्ट्र की वास्तविक आय किसकी प्रभावित होगी?

(1) दुर्लभ साधन की गिरती है।

(2) दुर्लभ साधन की बढ़ती है।

(3) प्रचुर साधन की बढ़ती है।

(4) दुर्लभ और प्रचुर साधन की बढ़ती है।

**62.** निम्नलिखित में से कौनसा भारत में सर्वप्रथम कम्प्यूटरीकृत स्टॉक एक्सचेंज बना?

(1) एन.एस.ई. (नैशनल स्टाक एक्सचेंज)

(2) बी.एस.ई. (बाम्बे स्टाक एक्सचेंज)

(3) एम.सी.एक्स. (मल्टी कोमोडीटी एक्सचेंज)

(4) ओ.सी.टी.ई.आई. (ओवर द काऊंटर एक्सचेंज ऑफ इंडिया)

**63.** सेबी (एस.ई.बी.आई.) निम्नलिखित में से किसके लिए उत्तरदायी नहीं है?

(1) दलालों द्वारा कुशल सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार नहीं है।

(2) निवेशक के निवेश की सुरक्षा

(3) कंपनियों द्वारा निष्पक्ष प्रथाओं को सुनिश्चित् करना

(4) शेयरधारकों की कमाई में सुधार करना

**64.** ऋणपत्र (डिबेंचर) क्या है?

(1) कम्पनी का अल्पकालिन उधार

(2) कम्पनी का दीर्घकालिन उधार

(3) इक्विटी शेयरधारकों का निवेश

(4) कम्पनी के संचालक का हिस्सा

**65.** सरकारों द्वारा भुगतान किए जाने वाले वेतन और पेंशन को क्या कहते है?

(1) पूंजीगत व्यय

(2) राजस्व व्यय

(3) योजना व्यय

(4) विकास व्यय

**66.** चीन में आर्थिक सुधार कब से लागू हुए?

(1) 1950

(2) 1971

(3) 1978

(4) 1991

**67.** गैर–प्रतिद्वंद्विता और गैर–बहिष्करण की विशेषता किस वस्तु में है?

(1) सामान्य वस्तु

(2) सार्वजनिक वस्तु

(3) अवगुण वस्तु

(4) घटिया वस्तु

**68.** एक बड़े राष्ट्र द्वारा आयात प्रशुल्क का आरोपण –

(1) सामान्यतया राष्ट्र की व्यापार शर्तों को सुधारता है और व्यापार की मात्रा में वृद्धि करता है।

(2) राष्ट्र की व्यापार शर्तों को बदतर कर देता है, परन्तु व्यापार की मात्रा में वृद्धि करता है।

(3) राष्ट्र की व्यापार शर्तों को बदतर कर देता है और व्यापार की मात्रा को कम कर देता है।

(4) सामान्यतया राष्ट्र के व्यापार की शर्तों को सुधारता है, परन्तु व्यापार की मात्रा को कम करता है।

**69.** यदि ब्याज भुगतान को सकल राजकोषीय घाटे से घटा दिया जाता है तो शेष होगा –

(1) पूँजीगत् घाटा

(2) बजट सम्बन्धी घाटा

(3) सकल प्राथमिक घाटा

(4) राजस्व घाटा

**70.** बारहवीं योजना किस अवधि को दर्शाता है ?

(1) 1997 से 2002

(2) 2012 से 2017

(3) 2001 से 2006

(4) 2006 से 2011

**71.** प्रथम पंचवर्षीय योजना में किसको सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी ?

(1) औद्योगिक विकास

(2) कृषि विकास

(3) आय और धन की असमानताओं में कमी

(4) गरीबी उन्मूलन

**72.** **अभिकथन (A) :** प्रभावी माँग को सम्पति के अधिक समान वितरण द्वारा बढ़ाया जा सकता है।

**तर्क (R) :** विनियोग के लिए प्रभावपूर्ण माँग उपभोग के लिए प्रभावपूर्ण माँग की अपेक्षा अधिक जटिल एवं अधिक अस्थिर रहती है।

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण है।

(3) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

**73.** निम्नलिखित में सही कालानुक्रम क्रम की पहचान कीजिए।

(A) केन्ज़ उपभोक्ता कार्य

(B) आयु चक्र प्राक्कल्पना

(C) सापेक्ष आय प्राक्कल्पना

(D) फ्रीडमैन की स्थायी आय परिकल्पना

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (D), (B), (A), (C)

(2) (B), (A), (C), (D)

(3) (A), (C), (D), (B)

(4) (C), (D), (B), (A)

**74.** वित्तीय उदारीकरण की अवधारणा किससे सरोकार रखती है ?

(1) आर.बी.आई. द्वारा नियन्त्रण

(2) अर्थव्यवस्था में वित्तिय व्यवस्था का अनियन्त्रण और अविनियमन

(3) राष्ट्रीयकृत बैंकों का परिसम्पत्ति-देयता कुशल प्रबन्ध

(4) सिर्फ ब्याज दर के ढाँचे को अनियन्त्रित करना

**75.** यदि मुद्रा की माँग पूर्णतया ब्याज लोच निरपेक्ष है, तो तरलता–मुद्रा (एल एम) वक्र –

(1) खड़ी रेखा (अनुलम्ब) होगी

(2) समस्तरीय रेखा होगी

(3) नीचे की ओर ढलान लिए हुए वक्र होगी

(4) ऊपर की ओर ढलान लिए हुए वक्र होगी

**76.** नीचे लिखे प्रश्नों का सही कालानुक्रम क्रम के विकल्प को चुनें।

(A) इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम (IRDP)

(B) बीस सूत्री कार्यक्रम

(C) सामुदायिक विकास कार्यक्रम

(D) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (B), (C), (D), (A)

(2) (A), (B), (D), (C)

(3) (C), (D), (B), (A)

(4) (C), (B), (A), (D)

**77.** विकुंचित माँग – वक्र में विकुंचित बिन्दु दर्शाता है –

(A) अनम्य (Rigidity) कीमत

(B) अनम्य (Rigidity) मात्रा

(C) नम्य (flexibility) कीमत

(D) नम्य (flexibility) मात्रा

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (A) और (B) सही हैं।

(2) (B) और (C) सही हैं।

(3) (C) और (D) सही हैं।

(4) (A) और (D) सही हैं।

**78.** एक वस्तु की माँग और कीमत का सहसम्बन्ध गुणांक $-0.7$ है, ऐसे में इसका निर्धारण गुणांक क्या होगा ?

(1) 0.7

(2) 0.14

(3) 0.42

(4) 0.49

**79.** मार्शल एजवर्थ सूचकांक है –

(1) $\frac{\Sigma p_1(q_0 + q_1)}{\Sigma p_0(q_0 + q_1)} \times 100$

(2) $\Sigma\left[\frac{p_1(q_0 + q_1)}{p_0(q_0 + q_1)}\right] \times 100$

(3) $\frac{\Sigma p_0(q_0 + q_1)}{\Sigma p_1(q_0 + q_1)} \times 100$

(4) $\Sigma\left[\frac{p_1(q_0 - q_1)}{p_0(q_0 + q_1)}\right] \times 100$

**80.** **अभिकथन (A) :** वास्तविक वेतन मजदूरी या आय के स्तर का पता लगाने के लिए वर्तमान मूल्य परिवर्तन के अनुसार वेतन या मजदूरी या आय का एक श्रृंखला को समायोजित करने की प्रक्रिया को सूचकांक संख्या का अपस्फीति कहा जाता है।

**तर्क (R) :** सूचकांक संख्याएँ संबंधित चरों के समूह के परिमाण के अंतर को मापने के लिए उपकरण है।

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** का **(R)** सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।